**खबर संक्षेप**

### जिले में अब तक 63.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से रविवार 22 जून तक कुल 63.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 127.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 21.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 196.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 30.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 60.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 86 मिलीमीटर, बरही तहसील में 61 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 18.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 72.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 127.9 मिमी, ढीमरखेड़ा तहसील में 51.7 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है।

### लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा गुमशुदा बालिका को जिला नागौर राजस्थान से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी मो. शाहिद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा व्यक्तियो की दस्तयाबी हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में विशेष टीम गठित कर गुमशुदा की दस्तयाबी की गई। पुलिस के अनुसार थाना ढीमरखेड़ा के एक गांव से लापता एक बालिका की दस्तयाबी के लिए प्रयास किये जा रहे थे। पतासाजी के दौरान बालिका को जिला नगौर राजस्थान से दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपूर्द किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, सउनि संतोष विश्वकर्मा, आरक्षक कमोद की भूमिका रही।

### अजा वर्ग के बेरोजगारों को स्व रोजगार के लिए 1 लाख का तक ऋण

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित वर्ग के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सबसे महत्विपूर्ण है। इसके तहत 10 हजार से रूपए 1 लाख की स्वरोजगार परियोजनाएँ। पात्रता 18 से 55 वर्ष की आयु, आयकर दाता न हो। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित / शेष (आउटस्टें डिंग) ऋण (टर्म लोन एण्ड वर्किंग कैपिटल लोन) पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अनुदान, अधिकतम 5 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर दिया जावेगा एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। आवेदन प्रक्रिया आवेदक द्वारा पोर्टल से आवेदन किया जा सकता है। इन योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग रूम नम्बर 98 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**बरही पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों में एक ही दिन की कार्यवाही, तस्करों को भेजा जेल**

# 3 तस्करों के पास से 2.70 लाख रूपए का गांजा सहित तीन बाइक भी की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार एवं तस्करों की धरपकड़ के लिए पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। रविवार को बरही पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्यवाही करते हुए तीन व्यक्तियों को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 मोटरसाइकिल सहित 21 किलो 795 ग्राम गांजा जप्त किया है।

थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गांजा तस्करी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तस्करों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा है। इसी दौरान 22 जून को सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल हमराहा स्टाफ के साथ इलाका भ्रमण कर रहे थे तभी बगैहा मोड़ के थोड़ी दूर पहले एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बोरी रखें जा रहा था, पुलिस की गाड़ी देखा तो मोटरसाइकिल को रोड में छोड़कर बोरी लेकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर संदेही ने अपना नाम बृजेश पारधी पिता पाटामुंडी पारधी 24 साल निवासी छिदिया टोला थाना बरही का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर बोरी में 6 किलो 795 ग्राम गांजा कीमती करीबन 70,000 एवं मोटरसाइकिल एमपी 21 एम आर 3414 को जप्त किया गया।

रविवार को ही उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर स्टाफ के साथ इलाका भ्रमण के दौरान बगैहा मोड पहुंचे। वहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर बगैहा मोड़ से मोटरसाइकिल छोड़कर एक पीले रंग की बोरी लेकर ग्राम बगैहा तरफ भागने लगा। जिसे स्टाफ की मदद से पकड़ा गया। पकड़े गए सालोंन पारधी पिता जाहिर पारधी 40 साल निवासी ग्राम खिरहनी थाना बरही की तलाशी ली गई जिसके कब्जे से बोरी में 8 किलो 200 ग्राम कीमती करीबन 96,000 रुपए एवं मोटरसाइकिल एमपी 21 एम एल 0219 को जप्त किया गया। एक अन्य कार्रवाई में चौकी खितौली में भी 22 जून रविवार को उप निरीक्षक केके द्विवेदी चौकी प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम बगदरी तरफ से मोटरसाइकिल में आ रहे व्यक्ति को रोका गया। वह गाड़ी की टंकी में गठरी जैसा कुछ रखा हुआ था। बाइक सवार रेहास पारधी पिता हंसराज पारधी 25 साल निवासी दारोडी थाना बरही की गठरी की तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति से गठरी में 6 किलो 800 ग्राम कीमती करीबन 1 लाख 2 हजार रुपए कीमत का गांजा एवं मोटरसाइकिल एमपी 21 एमपी 3591 को जप्त किया गया। उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त तीनों गिरफ्तारशुदा आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी खेतौली उप निरीक्षक के के द्विवेदी, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर, सहायक उप निरीक्षक रामसखा वर्मा, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, सहायक उप निरीक्षक दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, प्रधान आरक्षक उदयपाल सिंह, प्रधान आरक्षक सतीश हल्दकर, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह, आरक्षक विवेक यादव, आरक्षक अंकित बढ़गैया, आरक्षक आशीष पटेल, आरक्षक जगत सिंह, आरक्षक दिलीप कोल, सैनिक श्याम नारायण चतुर्वेदी की भूमिका रही।



## करंट तो कभी हादसों का शिकार हो रहे बेसहारा पशु

**सब्जी मंडी क्षेत्र में तीन बेसहारा मवेशियों की करंट से हुई मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी हो या ग्रामीण अंचल मुख्य मार्गों, व्यस्ततम क्षेत्रों या फिर बाजार हो, सभी जगह बेसहारा मवेशी देखे जा सकते हैं। इन मवेशियों को पकड़ने के लिए कोई खास कार्यवाही नहीं की जा रही है। मवेशियों को बेसहारा सड़कों में छोड़ने पर पशुमालिकों पर कार्यवाही करने का भी प्रावधान है लेकिन यहां सब कुछ अनदेखा किया जा रहा है। सड़कों में मवेशियों की वजह से कभी वाहन चालक या राहगीर हादसे का शिकार हो जाते हैं तो कभी भारी वाहनों की टक्कर से मवेशियों की मौत हो जाती है।

बारिश के मौसम में जब कीचड़ और पानी का भराव हो जाता है तो मवेशी सूखी जगह के लिए सड़क पर अपना डेरा जमा लेते हैं। एक साथ कई मवेशियों के सड़क में बैठ जाने से आवागमन भी अवरोधित होता हैं। दूसरी ओर बारिश के समय करंट फैलने की घटनाएं भी होती है। ऐसे में बेसहारा मवेशी करंट की चपेट में आ जाते हैं। सोशल मीडिया में तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें तीन मवेशियों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि यह घटना सब्जी मंडी क्षेत्र की है। प्रशासन स्तर पर मवेशियों को पकड़ने के लिए कार्यवाही नहीं किये जाने से इस तरह की घटनाएं होती है

**कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक का हुआ आयोजन**

## कांग्रेस नेता ने कहा कार्यकर्ता सक्रिय होंगे तभी संगठन को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



रविवार को बड़वारा में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक ने कहा कि कार्यकर्ता सक्रिय होंगे तभी संगठन मजबूत होगा। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बड़वारा ब्लॉक कांग्रेस की आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक रीवा महापौर अजय मिश्रा, रमाशंकर सिंह पटेल व प्रदेश महामंत्री जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान की उपस्थिति में आयोजित हुई कांग्रेस संगठन सृजन अभियान पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में बड़वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम व आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह टेकाम, मो. इजरायल ने सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक विधायक छत्तीसगढ़ राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय होंगे तभी संगठन मजबूत होगा जातिगत जनगणना के लिए राहुल गांधी का धन्यवाद किया।

रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा भाजपा नेताओं ने आदिवासियों के ऊपर अत्याचार किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त पर्यवेक्षक रमाशंकर सिंह पटेल जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा 24 जून को प्रातः 11 बजे बहोरीबंद में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सभी कांग्रेस जनों से मुलाकात करेंगे। 24 जून को दोपहर 3 बजे से सभी आवेदको से मुलाकात किया शाम 6 बजे से जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित है।

बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुमान सिंह, संदीप बाजपेई सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष गुलाम जफर, अध्यक्ष पंकज गौतम रामकृपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

**करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की हुई मौत**



उमरियापान क्षेत्र के मंगेली ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बिछिया में आदिवासी मोहल्ले में लगे बिजली ट्रांसफार्मर की स्टे तार में करंट फैलने से दो मवेशियों की मौत हो गई है। विधुत विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों में आक्रोश हैं। एक मवेशी त्रिवेणी प्रसाद ज्योतिषी और एक कोटवार रामचरण दाहिया का था। ग्रामीणों ने विधुत अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटिनेंस का कार्य नहीं किया जाता है। बिजली तारों में जगह जगह करंट आ रहा है। हल्की सी बारिश में बिजली फाल्ट हो जाती है। ग्रामीणों को बगैर बिजली के रहना पड़ता है।

## प्राचार्य के स्थानांतरण पर हाईकोर्ट की रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गोपालपुर पी.एम.श्री स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रहे गणेश यादव का जबलपुर के कटंगी स्थानांतरण कर दिया गया था। नियम विरुद्ध तरीके से किये गए स्थानांतरण के बाद शिक्षक के द्वारा इस संबंध में एक रिट याचिका उच्च न्यायालय जबलपुर में लगाई गई। प्रारंभिक तर्कों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक के स्थानांतरण और कार्यमुक्त पर रोक लगाया है।शिक्षक के अभ्यावेदन पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्णय लेने भी आदेशित किया है।

अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी ने बताया कि याचिकाकर्ता ढीमरखेड़ा विकासखंड के शासकीय पीएम श्री हाईस्कूल में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ रहे। बीते 17 जून को शिक्षक का स्थानांतरण कटंगी जिला जबलपुर कर दिया गया था। शिक्षक की शिकायत के चलते गोपालपुर स्कूल के पूर्व प्राचार्य को शासकीय माध्यमिक शाला गौरा में अटैच किया गया था। शिक्षक जिस स्कूल में पदस्थ रहा वहाँ छात्र शिक्षक अनुपात के अनुरूप शिक्षक की कमी हैं।गोपालपुर स्कूल में गणित विषय का एक मात्र शिक्षक है, उनके स्थान पर कोई अन्य शिक्षक ने जॉइन नहीं किया। न ही किसी शिक्षक का स्थानातंरण हुआ। इसके बावजूद याचिकाकर्ता का स्थानांतरण 125 किलोमीटर दूर कर दिया गया।इतना ही नहीं शिक्षक को संकुल प्राचार्य के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कार्यमुक्त कर दिया गया।परेशान शिक्षक ने अधिकारियों के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया,परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद शिक्षक ने अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर न्यायालय ने यह पाया कि याचिकाकर्ता का स्थानांतरण नियम अनुसार नहीं हुआ है। न्यायालय द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल को आदेशित किया है कि प्रार्थी को स्थानांतरण वाली संस्था में जाने के लिए बाध्य नहीं किया जाए एवं प्रार्थी को अपनी पूर्व की संस्था शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में कार्य करने की अनुमति प्रदान करे। इसके साथ ही आयुक्त भोपाल को निर्देशित किया है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचार करते हुए विधि सम्मत आदेश पारित करें।

**जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन**

## सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर मरीज को तत्काल पहुंचायें अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के 25 स्वा स्व्वा केन्द्रोंप में एन्टीनस्नेणक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धुता है । कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नागरिकों से आग्रह किया गया है कि सांप या किसी जहरीले कीड़े के काटने पर मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचायें , झाड़ फूंक में समय नहीं गंवाएं ,समुचित उपचार से मरीज की जान बचाई जा सकेगी ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में सर्प-दंश व जहरीले जीव -जन्तुओं के काटने की घटनाएं अधिक होती हैं। इसलिए प्रभावित मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल अवश्य पहुंचायें ताकि मरीज का बिना समय गंवाए तत्काल उपचार शुरू हो सके। डॉ सिंह ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ में एन्टीुस्नेडक वेनम इंजेक्शन के लिए डॉ. विनोद कुमार से सम्पर्क किया जा सकता हैं। इसी प्रकार डॉ. पंकज अग्रवाल (पीएचसी घुन्नोर), डॉ. मोहिता दीक्षित (पीएचसी केमौर), डॉ. विनोद कुमार (पीएचसी सिगौंड़ी), डॉ. अनिल झामनानी (पीएचसी बसाड़ी) और डॉ. अंजली तिवारी (पीएचसी देवरीहटाई) से संपर्क कर सकते है।

पीएचसी बडे, डॉ.रश्मि मिश्रा (पीएचसी कन्हचवारा), डॉ. अनुराग शुक्लाी (पीएचसी बाकल), डॉ. आनंद अहिरवार (पीएचसी बचैया), डॉ. शिवम दुबे (पीएचसी तेवरी एवं स्लीमनाबाद) है। डॉ. मृगेन्द्रॉ श्रीवास्तव (पीएचसी बड़गांव), डॉ. अशित निगम (पीएचसी बिलहरी एवं घुघरा), डॉ. बी.के. प्रसाद (पीएचसी ढीमरखेड़ा एवं खमतरा) और डॉ. सुनील आस्केड़ (पीएचसी सिलौंडी एवं कछारगांव) से सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर एंटी वेनम इंजेक्शन के लिए संपर्क किया जा सकता है।

इसी प्रकार डॉ. अनिल झामनानी (सीएचसी बड़वारा), डॉ. विजय राजश्री (सीएचसी पहाड़ी), डॉ. आनंद अहिरवार (सीएचसी बहोरीबंद) , डॉ. मृगेन्द्र श्रीवास्तव (सीएचसी रीठी), डॉ. रम्मोनी पटेल (सीएचसी बरही), डॉ. बी.के. प्रसाद (सीएचसी उमरियापान) से आपात स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।

**जिले में मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए कलेक्टर ने निर्धारित किए 55 पंजीयन केन्द्र**

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये किसान 5 जुलाई तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग व उड़द के उपार्जन हेतु किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कार्य शुरू है। किसानों की सुविधा के मद्देनजर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पंजीयन हेतु जिले में 55 पंजीयन केंद्र निर्धारित किया है । इन पंजीयन केन्द्रों में समस्तल कार्य दिवसों में किसान भाई अपनी उपज की बिक्री हेतु पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है।

### इन केन्द्रों में होगा पंजीयन

उपार्जन समिति की बैठक मे तहसील कटनी के प्राथमिक कृषि साख समिति पहाडी एवं वृहताकार कृषि साख समिति हीरापुर कौड़िया को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। कटनी नगर तहसील के सहकारी विपणन संस्था. मर्यादित कुठला, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कन्हंवारा एवं कैलवाराकला में पंजीयन होगा।

ढीमरखेड़ा तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति पानउमरिया, खमतरा, ढीमरखेड़ा, दशरमन, सिलौंड़ी, झिन्नाम पिपरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवरी मंगेला एवं विपणन सह्कारी समिति देवरी मंगेला में पंजीयन होगा।

बड़वारा तहसील के प्राथमिक कृषि साख सहमिति बड़वारा, विलायतकलां, भजिया, अमाड़ी, बसाड़ी एवं नन्हावारा सेझा में किसान पंजीयन करवा सकेंगे।

इसी प्रकार बरही तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति बरही, खितौली, पिपरियाकला एवं किसान सहकारी विपणन समिति करेला में पंजीयन होगा।

बहोरीबंद तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद, हथियागढ़, कुआं, कूड़न, बाकल, सिहुड़ी, इमलिया, चांदनखेड़ा, देवरी खरगवां, सलैया पटोरी एवं महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद के पंजीयन केन्द्र बाकल में किसान पंजीयन करवा सकेंगे।

इसी प्रकार रीठी तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी, मोहास, बिलहरी, बड़गांव, बकलेहटा, रैपुरा एवं कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी के पंजीयन केन्द्र देवगांव में पंजीयन करवाया जा सकता हैं।

विजयराघवगढ़ तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति कांटी, सिनगौड़ी, विजयराघवगढ़, देवराकला, जिवारा, अमेहटा, सलैया कोहारी एवं प्रियदर्शनी विपणन सहकारी समिति विजयराघवगढ़ के पंजीयन केंद्र उबरा में पंजीयन होगा।

स्लीजमनाबाद तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति तेवरी, स्ली मनाबाद, पड़रभटा, धरवारा एवं धुरी में किसान पंजीयन करवा सकेंगे।

### पंजीयन हेतु आधार वेरिफिकेशन जरूरी

पंजीयन करने से पहले किसानों के आधार नंबर का वेरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन भू अभिलेख में दर्ज खाता एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर ही हो सकेगा। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा।

पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना अनिवार्य है।

### आधार लिंक खाते में होगा भुगतान

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी। यदि किसी कारणवश आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए खाते में भुगतान किया जाएगा। किसान भाइयों से पंजीयन हेतु आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की गई है।

पंजीयन केन्द्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार नंबर से लिंक मोवाइल नंबर हो तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना होगा। पंजीयन केन्द्रों पर ऑपरेटर द्वारा किसान के आधार में दर्ज नाम ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रविष्टि किया जाएगा। सिकमी, बटाईदार किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमीनामें में दर्ज किसान विवरण के आधार पर जिला, तहसील, ग्राम का चयन करते हुये संबंधित खसरा नंबर का चयन किया जाएगा। वनपट्टा किसान के पंजीयन में वनपट्टा क्रमांक, खसरा, रकवे एवं बोई गई फसल की प्रविष्टि की जाएगी। सिकमी, बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसान का आधार नंबर प्रविष्टि किया जाएगा।

## स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नाला नालियों एवं सीवर की सफाई के लिए नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डो के बड़े नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम शहर के बड़े नालों की सफाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा पूर्व मे ही स्वास्थ विभाग की बैठक आयोजित कर नगर के बड़े नालों की सफाई कार्य को गंभीरता से किए जाने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सफाई कार्य में प्रयुक्त होने वाली मशीनों सहित जेसीबी एवं मेनपावर लगाकर नाले-नालियों की सफाई कार्य करवाया जा रहा है। विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव रोजाना किया जा रहा है।

सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेंड परिसर, मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी द्वारा से मिशन चौक, मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग, सेल्फी प्वाइंट, जिला सत्र न्यायालय परिसर, सहित अन्य स्थलों एवं मुख्य मार्ग के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया गया।

## खबर संक्षेप

### सांप के काटने से दो वृद्धों की हुई मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में सांप के काटने से दो वृद्धों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहले मामले में फूलचंद कुशवाहा 60 निवासी ग्राम देवरी हटाई को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही ग्राम धनगवां निवासी बाबूराम यादव 60 को सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामलों की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बरसात के मौसम में सांप सहित जहरीले कीड़ों की काटने की घटना बढ़ जाती है।

### सड़क हादसे में घायल दो लोगों की मौत

**कटनी।** कुठला एवं विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहले मामले में कुठला थाना अंतर्गत चनहेटा के पास मेन रोड में हुए हादसे में एक युवक कैलाश यादव निवासी बदेरा की मौत हो गई। उसे मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 जेडए 9443 के चालक ने टक्कर मार दी थी। दूसरे मामले में विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत परसवारा क्रेशर के पास हाइवा की टक्कर से एक युवक नारायण की मौत हो गई। उसे हाईवा क्रमांक एमपी 21 जेडी 5802 के चालक ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने मर्गप्रकरण दर्ज करते हुए मामलों को जांच में लिया है।

### किशोरी ने लगाई फांसी

**कटनी।** एक किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनेहरी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बनहेरी में अंजली पटेल पिता तुलसी राम पटेल 16 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। किशोरी ने यह कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### आरटीई प्रवेश की दूसरे चरण की ऑनलाइन लाटरी 25 जून को

**कटनी।** निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के तहत द्वितीय चरण के लिए आवेदकों द्वारा च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए न ही नवीन आवेदन पंजीयन किए गए हैं और न ही पुनरू सत्यापन प्रक्रिया होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। केवल उन्हीं आवेदकों ने द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट किया है। इसके अलावा जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, उन्हें भी द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट करने का मौका दिया गया था।

---

जिला स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# संगठित होकर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और परंपराओं को कायम रखना और उसे मजबूत बनाने का दायित्व ब्राम्हण समाज का है । ब्राम्हण वर्ग ने सदैव खुद से पहले समाज के सभी वर्गों के कल्याण की कामना की है। उप मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी में आयोजित जिला स्तरीय ब्राम्हण एवं जिला स्तरीय ब्राम्हण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

इस दौरान ब्राम्हण समाज के संरक्षक संजय सत्येन्द्र पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, सुनील मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, ब्राम्हण समाज के शहर अध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, ब्राम्हण समाज ग्रामीण अध्यक्ष और नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक मौजूद रहे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

उप मुख्य मंत्री श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है और संगठित होकर ही ब्राम्हण समाज को सशक्त और मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज इस मंच से सम्मानित होने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के चेहरे में खुशी की चमक दिख रही है और माता-पिता भी गौरवान्वित है। श्री शुक्ल ने कहा कि समाज में अच्छा काम करने वालों का सम्मान करना हमारी गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने समाज के मेधावी बच्चों से प्रेरणा लेकर अन्य छात्र-छात्राओं को भी परीक्षा की तैयारी करने और अपनी कमियां दूर कर परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने की सीख देते हुए कहा कि परीक्षा में कम अंक आने पर छात्र हताश और निराश न हों और अच्छे अंक लाने की सतत कोशिश करते रहें। उन्होंने यूपीएससी 2024 की परीक्षा की टॉपर शक्ति दुबे का जिक्र करते हुए कहा कि शक्ति ने कई बार के असफल प्रयासों के बाद यूपीएससी की परीक्षा में अंततः सर्वोच्च अंक अर्जित किया, जो सभी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्पद है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ब्राम्हण समाज सिर्फ अपने लिए नहीं, अपनो के लिए है। दीन-दुखियों, पीड़ितों, गरीबों और वंचितों के लिए है। इनकी चिंता करने से समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

विधायक पाठक ने ब्राम्हण समाज को गौरवान्वित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चें खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और अपना भविष्य संवारे। शहर, गांव और जिले का नाम रोशन करें। श्री पाठक ने कहा कि वे ब्राम्हण समाज के किसी भी छात्र-छात्रा की पढ़ाई में पैसों की कमी को आड़े नहीं आने देंगे। वे सदैव सहयोग करेंगे। श्री पाठक ने ब्राम्हण समाज से आग्रह किया कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी को संगठित होकर आगे आना होगा। श्री पाठक ने कटाए घाट में उनकी उपलब्ध पांच एकड़ जमीन को ब्राम्हण समाज को देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर भवन निर्माण के लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है। ताकि यहां से भविष्य में गरीब कन्याओं के विवाह जैसे बड़े आयोजन हो सके, रूकने के लिए पर्याप्त कमरें हों। ताकि समाज के कमजोर और गरीब वर्ग की बेटी का विवाह धूमधाम से हो सके।

---




# 26 को निकलेगी वाहन रैली, 27 जून को रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

भगवान जगन्नाथ स्वामीजी का 143 वाँ रथ यात्रा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में रविवार को मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि 26 जून को जगदीश स्वामी मंदिर,जगन्नाथ चौक से वाहन रैली भक्तों को आमंत्रण देने शहर में भ्रमण करेगी। महाप्रभु की वाहन रैली में यूथ कटनी नारी शक्ति, श्री काल भैरव समिति, शिव शक्ति महिला मिलन ग्रुप एवं महिला मंडल बीबी आरएस परिवार का विशेष सहयोग रहेगा। दूसरे दिन 27 जून को रथ यात्रा 4:30 बजे जगन्नाथ चौक से प्रारंभ होगी। रथ यात्रा में छत्तीसगढ़ का आदिवासी लोक नृत्य एवं केरल के भक्ति बैंड आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

सचिव शिव सोनी एवं रथ यात्रा महोत्सव अध्यक्ष विजय ठाकुर ने बताया कि माता जानकी जी, रूठे प्रभु को मनाने शोभा यात्रा के साथ 4 जुलाई को शाम 4:00 बजे जगन्नाथ चौक से शोभा यात्रा के साथ प्रस्थान करेगी। इसके बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा वापसी 4 जुलाई को राधा कृष्ण मंदिर, बिलैया तलैया सब्जी मंडी से शाम 7:00 बजे शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ के अपने धाम में पहुंचने के बाद 6 जुलाई को शाम 6:00 बजे से बीबी आरएस परिवार द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई है। रथ यात्रा महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों का समापन 7 जुलाई को विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद के साथ होगा।भंडारा दोपहर 12:00 बजे से प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा।

---

*खाद व बीज की व्यवस्था करने में जुटा किसान, थराह जा रहे रोपा*

# खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी में जुटे किसान, खेतों में चल रहा जुताई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढीमरखेड़ा



मूंग उड़द फसल की कटाई करने के बाद अब किसानों खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी की तैयारियों में जुट गया है। खेतों की सफाई के साथ ही जुताई का कार्य शुरू हो गया है। मानसून की दस्तक होने से किसान खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की बोवनी की तैयारी में लग चुके हैं। नई-नई वैरायटी की धान का बीज बाजार से खरीद कर रोपा की तैयारी किसान भाइयों के द्वारा जा रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा पैदावारी की जा सके।

किसान भाइयों के द्वारा अनेकों प्रकार से बुवाई की की जाती है जैसे कि कुछ किसान ट्रैक्टर से खेतों को दो बार जुताई कर धान के बीज को छीट कर बोनी करते हैं और कुछ लोग खेत को मचा कर धान के बीज को पानी में डाल दिया जाता है और कुछ घंटे के बाद उसे बाहर निकाल कर बोरी से ढक कर उसे अंकुरित किया जाता है इसके बाद खेतों में ले जाकर उसकी बोनी की जाती है और कुछ किसान भाई के द्वारा खेतों में रोपा की तैयारी कर रहे हैं। अगर अच्छी बारिश होती है तो किसानों के द्वारा खेत की मिट्टी को मचाकर के ट्रैक्टर के माध्यम से रोपा लगाकर खेती की जाती है।

तेज बारिश होते ही किसानों के द्वारा खेतों की ट्रैक्टर के माध्यम से दो से तीन बार खेतों को जोत कर अच्छे से तैयार किया जा रहा है जिससे खेतों में कचरा जमकर तैयार हो जाए और इसके बाद फिर किस उसे पुनः जुताई कर धान की फसल बोने के लिए तैयार किया रहा है जिससे किसानों को अच्छी फसल की पैदावारी कर सके इसी कार्य में किसान लगा हुआ है।

खेतों में जुताई कार्य के साथ ही किसान के सामने सबसे बड़ी समस्या खाद एवं बीज की व्यवस्था करने की होती है। सहकारी सोसायटियों में खाद बीज के संकट होने पर कई दिनों तक भटकना पड़ता है। कई बार किसानों को बाजार से बीज व खाद की व्यवस्था करनी पड़ती है।

---

## दुर्दशा का शिकार हुआ पार्क, बाउंड्री कूदकर घुस रहे बच्चे



नगर परिषद विजयराघवगढ़ द्वारा कुछ वर्षों से बच्चों के लिए पार्क बनाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और नगर परिषद की उदासीनता कभी भी दुर्घटना का स्वरूप दिलवाने के कार्य मे लगी हैं। विगत वर्षों पूर्व भी पार्क का निर्माण कराया गया था। नए झूले लगाए लगए थे लेकिन उचित प्रबंधन नहीं होने के चलते अब वे दुर्दशा का शिकार हो गए हैं। आउटडोर फिटनेस उपकरण भी लगाये गए लेकिन उनका हालत खराब हो गई। कम जगह और पैसों की बर्बादी का शिकार हो रहा पार्क फिर से नए झूले फिसलपट्टी का कार्य शुरू तो गया लेकिन उसकी देख रेख करने वाला कोई नही , ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़ ताला गेट में जड़ दिया। 4 फ़ीट की दीवार को लांघकर छोटे छोटे बच्चे पार्क के अंदर प्रवेश कर रहे हैं जब तक कोई घटना नही होती तब तक शायद नगर परिषद के कर्मचारियों की नींद नही खुलने वाली है।

---

# लुटेरों का गैंग सक्रिय, मुख्य मार्गों में वाहन चालकों से हो रही लूट की घटना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरही

सक्रिय लुटेरे रात के अंधेरे में वाहन चालकों से लूटपाट कर रहे हैं। बरही थाना क्षेत्र में एक दुकानदार को चाकू की नोंक पर 20 हजार रूपए की चपत लगाई और चंपत हो गए। बताया जाता है कि करौंदी कला निवासी विवेक सोनी की खितौली रोड बस स्टैंड के समीप मोबाइल की दुकान है। रोज की तरह दुकान संचालक शुक्रवार को रात्रि करीब साढ़े 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था तभी रेलवे पुलिया खितौली रोड में अज्ञात लुटेरे बाईक में खड़े थे रास्ते में किसी का फोन आया दुकान संचालक रुककर बात करने लगा लुटेरे खुलेआम धावा बोल दिया और चाकू अड़ाकर मोबाइल से बीस हजार 200 रुपये ट्रांजेक्शन करवा लिया और जेब से दो सौ रुपए निकाल लिए और मोटरसाइकिल की चाबी निकालकर दूर फेंक दिया और मोबाइल को फोड़कर फेंक दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए चार लुटेरे वारदात का अंजाम देते हुए भाग निकले। बरही पुलिस जांच में जुटी है।

**मोबाइल दुकान संचालक से चाकू की नोंक पर 20 हजार का ट्रांजक्शन**

### समझदारी से बचे

इसी तरह बरही निवासी मोहित शर्मा उर्फ बीतू अपने बच्चे का इलाज करवाने फोर व्हीलर से बरही से कटनी गए हुए थे। लौटते समय रात्रि करीब 10 बजे महानदी पुल के पास लुटेरे ने भीड़ लगाकर खड़े थे। किसी बाईक सवार को रोककर लुट रहे थे। मोहित शर्मा रुकने को कोशिश कर बाईक वाले की मदद करने चाही पर लुटेरे हथियार से लेस और हट्टे-कट्टे थे और बहुत लोग थे संदिग्ध स्थिति को देखकर मोहित शर्मा अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लेकर भागे लुटेरे गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने की पूरी कोशिश की पर नाकाम रहे। यह महानदी पुल बरही व बड़वारा थाना क्षेत्र की सीमा पर है। तत्काल दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी गई पुलिस पहुंची पर आजतक लुटेरों का पता नहीं चला। राहगीरों एवं वाहन चालकों में दहशत का माहौल है। बहरहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

---

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर किया गया योगाभ्यास*

# योगाभ्यास करने से होती है शारीरिक और मानसिक सुख की प्राप्तिः सुमित्रा बाल्मीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरियापान



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर करौंदी स्थित महर्षि विद्यापीठ के ध्यानहाल में योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षक सूर्यकांत शर्मा और विमलेश मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, आश्रम अधिकारियों, वेदपाठियों को अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंग आसान, चक्रासन सहित योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक सुख की प्राप्ति होती है। योग हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। दैनिक जीवन में योग का महत्व बढ़ गया है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला मंत्री, विजय दुबे, विजय गुप्ता,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी, मनीष बागरी, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह, रतिभान सिंह, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, राजा चौरसिया, संतोष दुबे, प्रशांत राय, रमन शुक्ला, ज्ञानचंद चौरसिया,पारस पटेल, संदीप सोनी, अंकित झारिया, धर्मेन्द्र गौतम, प्रमोद असाटी, विनोद साहू,अमित दीक्षित, दिनेश असाटी, जगमोहन चौरसिया, रामदरश यादव, अनूप चौरसिया, यश चौरसिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### योग के लाभों की दी जानकारी

योग दिवस के मौके पर जगह जगह योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की नवांकुर संस्था उमरियापान,पिपरिया सहलावन, इमलिया,गूंडा और सिलौंडी अंतर्गत आने वाली प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने योगाभ्यास कराया।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के अलावा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योग की विभिन्न क्रियाओं का अनेकों बार अभ्यास कराया।ग्रामीणों को योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। योगाभ्यास करने वाले लोगों ने अन्य लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

---

## जन शिक्षण संस्थान में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगा का बताया महत्व

# नियमित योगाभ्यास करने से कई बीमारियों से होता है बचाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जन शिक्षण संस्थान कटनी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मॉडल जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों के मध्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसन करवाये गये। उनके द्वारा सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार, धनुरासन, चक्रासन, प्राणायाम, पवनमुक्तासन, कटि चक्रासन, सेतुबंध आसन विधिवत रूप से करवाये गये। इन सब आसनों को लाभार्थियों ने बड़े ही उल्लास के साथ किया एवं उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि योग से विभिन्न प्रकार की बीमारियां थाईराइड, टाइप टू डाइविटीज, लीवर, किडनी से संबंधित बीमारियां दूर की जा सकती है। इसमें योगा मानव के लिए यह बताया गया अति आवष्यक है एवं इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और व्यक्ति निरोग रहता है करें योग रहें निरोग जैसे बातों से लाभार्थियों को आर्कषित किया।

जन शिक्षण संस्थान के निदेषिका लाली सिंह के द्वारा योग के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न आसनों के द्वारा आहार नली की कार्यक्षमता, रक्त संचरण, हार्मोन का संतुलन किया जा सकता है योग करने से बीमारिया तो दूर होंगी साथ-ही-साथ मन स्वस्थ होगा और मानसिक शांति भी मिलेगी। उनके द्वारा ये बताया गया कि आज दुनिया के लगभग 100 देशों ने स्वीकारा है कि हमें योग करना चाहिए। संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बबीता सिंह के निर्देशन में अनुदेशक श्रृष्टि सिंह के नेतृत्व में लाभार्थियों के मध्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी बबीता सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज, राजेश मौजूद रहें।



### एक्सीलेंस स्कूल बड़वारा में मनाया गया योग दिवस

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता , अजय सोनी , महेन्द्र जायसवाल , रुप सिंह एवं विद्यालय के प्रभारी के रूप में जुगल किशोर चौरसिया उपस्थित रहे ।योग कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नंदनी वाटिया द्वारा कराया गया ।कार्यक्रम में मोहन निगम अनामिका सोनी, प्रेमा बोपचे, अपूर्वा तिवारी ,सरिता शर्मा, पूजा नागर,अरविंद तिवारी, विनोद सिंह , अनिल अरकरे , निधि चढ़ार,सुशील भूमिया, मनीष विश्वकर्मा, राजेश चौधरी, आदि की उपस्थिति रही।

---

### इलाज के लिए 75 हजार रुपये स्वीकृत

**कटनी।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 3 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए 75 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। ग्राम बचैया निवासी भूरी बाई की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 25 हजार रुपये की राशि एवं ग्राम कुंआ निवासी आदित्य नारायण सिंह की बीमारी के उपचार हेतु 25 हजार रुपये की राशि एवं ग्राम किरहाई पिपरिया निवासी नासिर मोहम्मद को उपचार हेतु 25 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट

शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## यात्री प्रतीक्षालय का जीना हुआ जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा

**पन्ना।** बस स्टैंड मे यात्री की सुविधा के लिए बनाया गया प्रतीक्षालय के अंदर जीना जर्जर हालत मे है यहां तक कि जीना के सरिया भी दिखाई दे रहे पलस्तर झड झड कर गिर रहा है। दिन भर यात्रियों का आना जाना लगा रहता है कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है इसके अलावा प्रतीक्षालय मे कवाड का डेर लगा रहता है ऊपर से छत से पानी अलग टपक रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रतीक्षालय इस समय यात्रियों के लिए काम नही आ रहा नगर परिषद को समय रहते इस ओर ध्यान देना चाहिए जिससे किसी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके साथ ही छत से टपक रहे पानी की वजह से अंदर पानी भरा रहता यात्री ठीक से बैठ भी नही पाते इस ओर ध्यान दिए जाने मांग की गई है।

## प्रेक्षक से कर सकते हैं संपर्क

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक राजा सिंह परिहार पन्ना पहुंच गए हैं। प्रेक्षक श्री परिहार सर्किट हाउस पन्ना में ठहरे हैं। उप चुनाव के संबंध में कोई भी व्यक्ति अथवा दल के प्रतिनिधि सर्किट हाउस में प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 9406621016 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का आगमन 24 जून को

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया मंगलवार, 24 जून को सुबह 8 बजे सकौर से प्रस्थान कर पन्ना आएंगे। आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया 11 बजे पन्ना में पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निरीक्षण कर दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे एवं शाम 5 बजे छतरपुर रवाना होंगे।


## अवैध कट्टा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत बमीठा थाना पुलिस ने ग्राम खैरी प्रतीक्षालय के पास एक बड़ी सफलता हासिल की। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध रामेश्वर पटेल को 12 बोर देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जिले में अवैध हथियारों की तस्करी और उपयोग पर नकेल कसने की दिशा में एक और कदम है, जहां अब तक 350 से अधिक आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान बमीठा पुलिस को सूचना मिली।

### मार्गों को मवेशी मुक्त बनाने में शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान, गौशालाएं पड़ी सूनी

# रिमझिम बारिश के बीच हाईवे एवं मार्गों पर बैठने वाले मवेशी बन रहे हादसों की वजह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर की लगभग हर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा स्टेट हाईवे 15 जबलपुर, दमोह रोड पर मवेशी देखे जा रहे हैं। साथ ही दमोह-तारादेही मार्ग पर इन मवेशियों का झुंड बैठा हुआ नजर आ रहा हैं। वहीं रात के समय या अचानक वाहनों के सामने मवेशी आ जाने से हादसे होते रहते हैं तो वहीं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है स्टेट हाइवे पर जगह-जगह दर्जनों मवेशी कब्जा जमाए बैठे व खड़े रहते हैं। जिसके कारण वाहन चालकों को वाहन निकालने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही अब बारिश का दौर भी शुरू हो चुका है जिस वजह से रात के वक्त मवेशी नजर नहीं आने से दुर्घटनाएं हो रही हैं नगर से गुजरे अधिकतर सभी मार्गों पर शाम ढलते ही मवेशियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है और ये मवेशी सुबह तक मार्ग पर ही जमे रहते हैं इसके अलावा दिन के समय भी सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। हादसा में मवेशियों की असमय मौत हो रही है तो वाहन चालक भी अपनी जान गवां रहे हैं। कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं।

### गौशालाएं बनीं शोपीस

मार्गों पर बैठने व विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा तेंदूखेड़ा ब्लॉक की कुछ ग्राम पंचायतों में सरकारी गौशालाएं बनवाई गई हैं लेकिन इन गौशालाओं में निर्माण में संबंधितों द्वारा गड़बड़ी कर दी गई और सरकारी राशि का आहरण कर बंदरबांट कर लिया गया। जिससे कहीं अधूरी तो कहीं बनने के बाद भी शोपीस बनकर रह गई हैं तो कुछ गौशालाओं में ना मात्र के लिए गायों की देखरेख की जा रही है कुछ गौशालाएं खाली पड़ी है और कागजों में मवेशियों का संरक्षण होता दिखाई दे रहा है नतीजा गौवंश को गौशालाओं में भेजने की योजना सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है।

### गुजरते हैं हजारों वाहन

सागर जबलपुर और दमोह इन तीनों हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं नगर की सड़कों से लोगों की आवाजाही होती है। इन वाहनों के लिए मवेशी मुसीबत बन गए है। नागरिकों द्वारा मुख्य बाजारों एवं चौराहों पर विचरण करने वाले पशुओं को हटाए जाने की शिकायतें स्थानीय प्रशासन से लगातार करते आ रहे हैं पर प्रशासन द्वारा मवेशियों को कांजी हाउस या फिर गौशाला भिजवाने या अन्य किसी स्थान पर व्यवस्थित करने के प्रति सजगता नहीं दिखाई है। ये मवेशी जाम की वजह भी बन रहे हैं। जो चिंता का विषय हैं वहीं तेन्दूखेड़ा नगर में कांजी हाउस बीते 15 साल पहले ही बंद कर दी गई और उस जगह पर दुकानों निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन आज दुकानों का निर्माण कार्य भी आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।

### जुर्माना लगाने की कवायद भी फेल

बता दें कि सरकार द्वारा एक आदेश जारी किया गया था जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और खुले स्थानों पर मवेशियों व अन्य पशुओं को छोड़ने पर पशु पालक पर 1 हजार रुपए तक का जुर्मान लगाने कहा गया था। यह जुर्माना लगाने का अधिकार स्थानीय निकाय को दिया गया है। निकाय कर्मियों को पशु मालिक की पहचान करनी होगी। बताया जा रहा है कि यह पहचान पशुओं के कान पर लगे टैग से होगी। हालांकि जिले के अधिकांश जगहों पर पशुओं पर यह टैग नहीं लगे होने के कारण ऐसे मवेशियों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है गौर करने वाली बात ये हैं कि प्रशासन द्वारा आज तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### इन मार्गों पर रहता है मवेशियों का झुंड

नगर मुख्यालय से लगे ग्रामीण क्षेत्रों जो हाईव पर स्थित है, वहां पर दिन-रात मवेशियों का झुंड नजर आता है। जबलपुर-पाटन मार्ग पर 27 मील पर सालभर मवेशी बैठे रहते हैं। दमोह मार्ग पर पांजी ग्राम और सांगा ग्राम मार्ग पर दमोह-तेजगढ़-अभाना मार्ग, रहली-सागर-झलौन स्टेट हाईवे 15 पर, तेंदूखेड़ा नगर का तारादेही-चौराहा, चौराई के पास, देवरी, महाराजपुर, तारादेही, गौरझामर, झमरा सहित नरसिंहपुर और भोपाल जाने वाले मार्गों पर मवेशियों का झुंड नजर आ रहा है साथ ही तेन्दूखेड़ा नगर के सभी वार्डों में यह मवेशियों के छोटे छोटे झुंड नजर आते हैं। मंगलवार को लगने वाले बाजार में यह मवेशी लोगों को घायल भी कर देते हैं लेकिन नगर परिषद द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

# बाजार में लोगों को खूब लुभा रही जामुन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शहर में मौसमी फलों में जामुन अभी बाजार में आए हुए हैं, जिसका स्वाद हटा नगर वासी खूब ले रहे हैं। बारिश के दिनों में इसका सेहत व स्वाद को लेकर लोगों में एक अलग ही क्रेज रहता है। यूं तो जामुन देशी मौसमी फल के रूप में बेहद कम मात्रा में थोड़े समय के लिए ही बाजार में उपलब्ध हो पाता है। इसीलिए जैसे ही जून जुलाई में जामुन बाजार में आता है, हर किसी का मन एक बार जामुन का स्वाद लेने को आतुर हो जाता है। उसी तरह भुट्टा भी जुलाई के अंत व अगस्त की शुरुआत में आता है, अधिकतम डेढ़ महीने तक लोग इसका स्वाद ले पाते हैं। स्वीट कार्न व जामुन दोनों के अलग-अलग लाभ हैं।

### भुट्टा भी जल्द आएगा

हटा के फल व सब्जी व्यापारियों ने बताया कि जल्द ही किसानों के भुट्टे की फसल बाजार में जुलाई के दूसरे सप्ताह तक पहुंच जाएगी। बारिश में भुट्टे की अच्छी खासी आवक व डिमांड फुटकर व थोक बाजार में रहती है। इसकी कीमत प्रति नग 10 से 15 रुपए तक होती है। बरसात के मौसम में स्वीट कार्न सेहत व स्वाद के लिए हर वर्ग के लोग खाना पसंद करते हैं।

### हृदय और लीवर दोनों के लिए लाभकारी

बात करें जामुन की तो डायटिशियन एक्सपर्ट का कहना है कि जामुन में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। जामुन के सेवन से मधुमेह, पाचन की समस्या, हृदय स्वास्थ्य और त्वचा संबंधित बीमारियां दूर रहती हैं। जामुन में जैम्बोलिन नामक एक यौगिक होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। वहीं जामुन में पाए जाने वाले फाइबर की अधिक मात्रा पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करती है और कब्ज को दूर भगाती है। हृदय के स्वास्थ्य को लेकर जामुन में कोलेस्ट्रॉल और ब्लडप्रेशर कम करने की क्षमता होती है, जो दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करती है।

## श्री हनुमान जी मढ़ा मंदिर में पं विपिन बिहारी जी का आगमन



**बनवार।** कुसमी के प्रसिद्ध श्री हनुमान जी मढ़ा मंदिर में गौ पीठाधीश्वर पंडित श्री विपिन बिहारी जी का आगमन हुआ। पंडित विपिन बिहारी जी गाढ़ा घाट में श्री राम दरवार प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री राम कथा का आयोजन कर रहे हैं। पंडित विपिन बिहारी जी ने श्री हनुमान जी मढ़ा मंदिर में एकादश रुद्र अवतार श्री हनुमान जी का पूजन आरती कर दर्शन किए। इसके अलावा उन्होंने ब्रम्ह लीन संत श्री दिगंबर ओमकार गिरी जी के समाधि स्थल पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया। पंडित विपिन बिहारी जी का स्वागत पंडित गोविंद तिवारी, अजय पांडेय, हजारी यादव, सुरेश यादव ने फूल मालाओं और श्री फल भेंट कर किया। इसके बाद पंडित विपिन बिहारी जी ने सलैया नागदेव मंदिर में जाकर श्री नागदेव भगवान का पूजन किया और आश्रम के संत गोविंद गिरी से भेंट की। आश्रम में बबलू यादव और ग्रामीणों ने पंडित विपिन बिहारी जी का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## योग दिवस पर आयोजन



**तेजगढ़।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन एवं जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में इस वर्ष के 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एवं स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित देवरी लीलाधर ग्राम की एकीकृत माध्यमिक शाला में योग दिवस का आयोजन किया गय शाला परिवार के सहयोग से सर्वप्रथम प्रातः 6 बजे निर्धारित समय पर बच्चों ने अपनी उपस्थिति देकर देश के माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन रेडियो के माध्यम से सुना.तत्पश्चात सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास एवं प्राणायाम कर उसके महत्व को समझा। संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ने बच्चों से नियमित योग एवं प्राणायाम करने की अपील की तथा कहा कि स्वस्थ रहना है तो हमें योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करना होगा .इस अवसर पर शिक्षिका कल्पना लोधी एवं मनोज रैकवार कार्यक्रम के सहभागी रहे।

## माईसेम क्लब एवं उत्खनन क्षेत्र में योग दिवस पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अंतरास्ट्रीय योग दिवश के उपलक्ष में दिनांक 21.06.2025 को हेइडेलबर्ग सीमेंट के आवासीय परिषर में स्थित माईसेम क्लब तथा डिमांड पथरिआ माइंस के उत्खनन क्षेत्र में आयोजित किया गया यह कार्यक्रम हेडवर्क्स सुरेश चंद्र दुबे के मार्ग दर्शन तथा एस एस कुजूर क्षेत्रीय खदान नियंत्रक एवं माधव राओ सावरे वरिष्ठ भूविज्ञानी, भारतीय खदान वियोरो जबलपुर के गरिमामई उपस्थिति में सम्पन हुआ। इस अवसर पर श्री के के गौतम, माइंस हेड, अलोक किशोर तिवारी, मैनेजर मानव संसाधन विभाग एवं खदान के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य कर्मचारीगढ़ उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान योग गुरु श्री आर के पारासर जी द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराये गए और योग द्वारा स्वस्थ रहने के तरीके भी बताये गए।

# लोधी लोधा राजपूत महासभा की ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

### नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन, युवाओं की रही प्रभावशाली उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन बटियागढ़ में उत्साहपूर्वक किया गया। बैठक में सामाजिक संगठन की मजबूती, युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन और संगठनात्मक ढांचे को पुनर्गठित करने पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों की औपचारिक नियुक्ति की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह ठाकुर ने की, जबकि बैठक में प्रमुख रूप से युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ठाकुर एवं ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर मौजूद रहे। इन वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा एवं सामूहिक सहमति से ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन निम्नानुसार किया गयाः ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष – श्रीकांत सिंह पटेल,उपाध्यक्ष – साहब सिंह ठाकुर, सचिव – जितेन्द्र सिंह ठाकुर (पथरिया कैथौरा),सह सचिव – विक्रम सिंह ठाकुर, मीडिया प्रभारी – भगत सिंह ठाकुर, संरक्षक – रुपेन्द्र सिंह ठाकुर,कोषाध्यक्ष – बहादुर सिंह (गढ़ौला) को बैठक में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति-पत्र सौंपे गए और समाज हित में ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने संगठन की भूमिका, समाज में एकता, शिक्षा, युवा जागरूकता एवं सामाजिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बटियागढ़ ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित युवाओं ने सुझाव दिए कि संगठन को हर गांव एवं पंचायत स्तर तक विस्तार देने की आवश्यकता है, ताकि समाज की एकता और विकास को और अधिक गति दी जा सके। जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं को संगठन से जोड़ा जाए। युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ठाकुर ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षित, जागरूक और संगठित युवा शक्ति ही सबसे बड़ा आधार है। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में ब्लॉक स्तर पर सामाजिक कार्यक्रम, शिक्षा सहयोग अभियान, एवं संगठन विस्तार हेतु विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के निमित्त संपूर्ण जिले में विकसित भारत 2047 संकल्प मुहल्ला एवं ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क किया गया। दमोह विधानसभा अंतर्गत रानी दमयन्ती नगर मंडल शक्ति केंद्र के ग्राम पंचायत मारूताल में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। दमोह विधायक जयंत मलैया ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पहले देश हर कार्य के लिए विदेशों की तरफ ताकता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी को बढ़ावा देकर 'मेड इन इंडिया' के तहत रक्षा उपकरणों सहित हर क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं भय मुक्त भारत बनाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा।

जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद जनधन खाते खुलवाए और डायरेक्ट बेनीफिट योजना के तहत भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त करने का कार्य किया है। डिजिटल इंडिया को देश भर में लागू करके देश में होने वाले भुगतान का 49 प्रतिशत डिजिटली कराने का रिकार्ड भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बना है। 2014 के पहले देश में गंदगी का अंबार लगा रहता था। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और स्वदेशी विचारों को अभियान बनाकर आज देश को स्वच्छता में आगे ले जाने के साथ हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने का कार्य किया है। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस चौपाल में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, अमित बजाज, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, मनीष तिवारी, श्याम विश्वकर्मा, शिवम राजपूत, मनीष सोनी, भरत यादव, निहाल सिंह राजपूत की उपस्थिति रही।

## गुबरा गौशाला में मनाया गया योग दिवस।



**जबेरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिंग्रामपुर मंडल के ग्राम गुबरा गौशाला में सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव के मार्गदर्शन में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों द्वारा योग के विभिन्न आसनों का प्रयोग कर योग के महत्व और होने वाले लाभों को जाना। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव ने बताया कि योग दुनिया के लिए भारत का अनमोल उपहार है योग करने से सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहता है 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम सब मिलकर इस अमूल संपदा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें। इस अवसर पर संतोष अवस्थी, अजय राय, मुकेश ठाकुर, अरविंद राय, रामू पाठक सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा आयोजित करेगी संगोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आगामी 25 जून को आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह आयोजित करेगी। इस अवसर पर भाजपा इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अमित बजाज ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने लोकतंत्र और संविधान की हत्या करते हुए आपातकाल लागू किया था, जिसके तहत तमाम लोकतांत्रिक तथा संवैधानिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया और जेल में डाल दिया गया। कार्यक्रम की सहसंयोजक महेश पटेल ने बताया कि आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस अवसर पर संगोष्ठी आयोजित होगी तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

## स्थानांतरण के बाद नहीं हुये कार्यमुक्त

**दमोह।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग मंत्रालय भवन भोपाल से जारी आदेश दिनांक 12 जून के अनुसार दमोह में पदस्थ प्र सहायक आपूर्ति अधिकारी को तत्काल प्रभाव सेअस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रशासकीय पर स्थानांतरित कर सागर पदस्थ किया गया है। तत्काल कार्यमुक्त का आदेश भी लेख है लेकिन दस दिन बाद भी वह कार्य मुक्त नहीं हुये है। सेटिंग में व्यस्त है। उनके कार्यकाल की अनेक चर्चायें चर्चित है। राजनैतिक व प्रशासनिक संरक्षण होने से उन्हे यहां से रिलीव कराने की मांग की जा रही है।

### बंधा गांव में बारिश बनी मुसीबत, तालाब बनी सड़के, जिम्मेदार बेखबर

# बारिश में कीचड़ बना परेशानी का सबब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जनपद की ग्राम पंचायत बंधा इन दिनों बारिश के कारण बदहाल स्थिति से जूझ रही है। यहां की सड़कों पर बारिश का पानी भर जाता है और हालात ऐसे हो जाते हैं कि अगर महज एक घंटे की तेज बारिश हो जाए, तो उसका असर तीन दिन तक बना रहता है। मुख्य बस स्टैंड से लेकर हनुमान मंदिर होते हुए पन्ना जिले की सीमा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर पानी का जमाव आम बात हो गई है। यही मार्ग गांव के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए प्रमुख रास्ता है, जिससे उन्हें हर दिन आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के पानी में सड़कें डूब जाती हैं और जब वाहन उस जलमग्न रास्ते से गुजरते हैं तो उसका छींटा पैदल चल रहे बच्चों पर पड़ता है। इससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं, और कई बार उन्हें स्कूल पहुंचने में भी देर होती है। अभिभावक इस स्थिति से खासे चिंतित हैं, वहीं स्थानीय प्रशासन अब तक इस समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था कर इस समस्या का निराकरण किया जाए, जिससे बच्चों और आमजन को राहत मिल सके।

## जलभराव ने खोली व्यवस्था की पोल

बनवार। जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत डुमरा में महज कुछ घंटों की हल्की बारिश ने व्यवस्था की पोल खोल दी। आने जाने के रास्ते जलमग्न हो गईं, बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं होने मुख्य रास्ते



और गालियों में घुटनों तक पानी जमा हो गया। केशव विश्वकर्मा आसाराम रैकवार तरुण विश्वकर्मा नेपाल सिंह ठाकुर नरेंद्र ठाकुर सूरज सिंह मोती विश्वकर्मा शारदा कोटवार कमल नामदेव मूलचंद नामदेव गीता नामदेव सहित पूरे ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत पर आरोप लगाते हुए कहा कई वर्षों से जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग करते चले आ रहे है लेकिन नाली निर्माण नहीं किया गया। नतीजा हर बार पहली वारिस हर साल यही हाल होता है ग्राम वासियों का कहना है बीते 3 वर्षों से नाली निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत जनपद सीईओ मंत्री विधायक को कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन ग्राम ने नाली निर्माण नहीं किया गया हैं। यदि जल्द ही स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो आने वाले वारिश के दिनों में ग्रामवासियों और अधिक मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। राम सिंह सचिव ग्राम पंचायत डूमर ने कहा नाली निर्माण कार्य स्वीकृति की देरी से वारिश के पहले निर्माण कार्य नहीं हो पाया जैसे कार्य की स्वीकृति मिलती और राशि आती निर्माण कार्य किया जाएगा घरों में पानी भरने की समस्या की समाधान के लिए जो भी हो सकता मैं जाकर दिखवाता हूं।

## रेलवे ट्रैक पर का सिर कटा शव मिलने से सनसनी



**बनवार।** दमोह कटनी सेक्शन घटेरा और सागौनी स्टेशन के बीचों बीच तीसरी लाइन रेलवे ट्रैक पर अज्ञात का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई तीसरी लाइन दिसाई माता चबूतरा छेघरा निकट दोपहर 1:30 बजे के करीब एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव तीसरे रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ जिसका का सिर धड़ से अलग था। सिर रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ थाऔर धड़ ट्रक पर क्षत विक्षत पड़ा हुआ था जिसका दाहिना हाथ कटा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सिर धड़ से अलग शव को देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया और देखते ही देखते वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसकी सूचना बनवार पुलिस चौकी में दी गई घटनास्थल पर पहुंचे स्टॉप के साथ चौकी प्रभारी ने शव की शिनाख्त के लिए प्रयास तेज कर दिए और शव को समेटकर अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को जिला अस्पताल शव ग्रह में सुरक्षित रखवा दिया है। धड़ से अलग सिर की फोटो सोशल मीडिया एवं आसपास थाना क्षेत्र में सर्कुलेट करते हुए शव की शिनाख्त की जा रही है मृतक के कपड़ों के जेब से पुलिस को कुछ नहीं मिला है जिससे पहचान हो सके सिर्फ गुटखा एक पाउच जेब में रखा हुआ था।

## गांव के अंदर दलदल फिसलकर गिर रहे लोग हो रहे घायल, सफाई का अभाव



**तेन्दूखेड़ा।** सरकार द्वारा गांवों का विकास कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों पर पंचायत के माध्यम से हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण आज भी बदहाल जीवन जीने मजबूर है। इसकी मुख्य वजह विकास कार्य धरातल पर नहीं बल्कि कागजों में किए जा रहे हैं। तेंदूखेड़ा ब्लॉक की अधिकतर ग्राम पंचायतों में भी यहीं हाल है। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से हर दिन कई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत बैलवाड़ा को ही देख ले। यहां पर सरपंच, सचिव द्वारा लाखों रुपए के निर्माण कार्य तो कराए गए हैं, लेकिन अधिकतर घटिया कार्य के चलते धांधली की भेंट चढ़ चुके हैं। कुछ निर्माण कार्य कागजों में चल रहे तो कुछ पुराने निर्माणों पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। गौर करने वाली बात ये है कि शिकवा- शिकायतों के बाद भी प्रशासन में बैठे अधिकारी जांच पड़ताल नहीं कर रहे हैं। जिस वजह से संबंधितों की मिलीभगत उजागर हो रही है।

बैलवाड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मानपुरा में लोगों को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां के लोग, गंदगी और कीचड़ में रहने मजबूर हैं। हालात ये है कि अब गांव में कभी भी संक्रमण बीमारी फैल सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानपुरा गांव में विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दिए गए है, लेकिन आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। यहां की सड़कें गंदगी, कीचड़ से अटी हुई है पूरे गांव के अंदर दलदल जैसे हालात बने हुए हैं जहां पर सड़क पर मिट्टी होने के चलते लोग फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं लेकिन लोगों की समस्याओं का ग्राम पंचायत द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा है वहीं नालियां नहीं होने से पानी सड़कों में भर रहा है। गांव के अंदर का रास्ता कीचड़ में तब्दील है। इसी गंदगी के बीच ग्रामीण निकलने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां सीसी सड़क, नाली निर्माण जैसे विकास कार्य नहीं कराए गए हैं।

### खुले में निस्तार जाने मजबूर

कहने को तो गांव ओडीएफ घोषित हो गया है, लेकिन हकीकत कुछ और है। सरकार की योजना के तहत यहां घरेलू शौचालय तो बनाए गए है, लेकिन पंचायत ने उनमें भी गड़बड़ी कर दी। हालात ये हैं कि शौचालय अब सिर्फ कबाड़ रखने के काम आ रहे हैं। इस कारण ग्रामीण आज भी खुले में निस्तार के लिए जा रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है।

## करंट लगने से युवक की मौत



**दमोह।** झमाझम बारिश के दौर के बीच बिजली के फाल्ट तथा करंट के प्रवाह जैसे हालात में बिजली सुधार कार्य बेहद सावधानी से किया जाना आवश्यक हो गया है। क्यों कि जरा सी सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसे हालात बनते देर नहीं लगती। रविवार को ऐसे ही कुछ हालात में बिजली सुधारते समय करंट लगने से एक नवयुवक की दुखद मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटनाक्रम बड़ी देवी जी मंदिर परिसर क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहा गायत्री मंदिर के पास बिजली सुधारते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम बिजली सुधारते समय वसीम खान उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मागंज वार्ड की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, एएसआई रघुराज सहित पुलिस ने पहुंचकर शव को उठवाकर जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत के बाद जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव ढाबा हथनी तिराहे पर रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक खिल्लू उर्फ खिलान पिता किशोरी पटेल उम्र 25-30 वर्ष निवासी राजा पटना की मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया था। घटना की खबर लगते ही मौके पर मृतक के परिजन तथा गांव के लोग पहुंच गए थे। जिनके द्वारा टक्कर मारने वाले वाहन चालक को पकड़कर कार्यवाही की मांग को लेकर जाम लगा दिया। जिससे दमोह-जबलपुर रोड पर देर तक दोनों और वाहनों की लाईन लगते देर नही लगी। बाद में नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटैल और तहसीलदार ने समझाइस देकर जाम को खुलवाया तथा शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

### नदी में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

दमोह। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के बालाकोट में नदी में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई।. मौजूद लोगों ने बताया कि दाये हाथ पर नाम अमृता लिखा हुआ है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### पटेरा कुंडलपुर मार्ग पर कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

पटेरा। पटेरा कुंडलपुर मार्ग पर एक अर्टिका गाडी पेड़ से टकराकर दुर्घटनग्रस्त हो गई जिसमें एक मात्र सवार चालक की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर 100 डायल वाहन घटना स्थल से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डयूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्य कोई न होने से अभी समाचार भेजे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी न ही दुर्घटना का कारण पता चला है। पुलिस थाना से एएसआई महेश उपाध्याय घटन स्थल व कुंडलपुर गये है जिससे संपर्क नहीं हो पाया।

## एक ही सीसी सड़क का पांच बार हुआ निमार्ण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैजरा लखरोनी के ग्राम भैंसा में एक ही जगह पाँच बार सीसी सड़क की राशि निकाली गई हैं जबकि उस ओर पूरा कृषि क्षेत्र हैं और तालाब के किनारे पर लोगों के बाड़े है जो सड़क पर भी अतिक्रमण किए हुए है सोचने वाली बात यह है कि एक जगह पर आमने - सामने,आगे पीछे लोगों के नाम व घर का उल्लेख कर शासकीय राशि की निकासी करते रहे और उपयंत्री बिना निरीक्षण के भौतिक व तकनीकि स्वीकृति करते रहें।

### एक जगह पर नाम बदल कर निकाली पाँच बार राशि



दिनाँक 26/01/2017 में पंच परमेश्वर योजना के तहत सीसी सड़क स्वीकृत हुई जिसकी निर्धारित राशि 157750 रूपए थी और सीसी सड़क निर्माण मार्च माह में किया गया फिर दिनाँक 02/10/2017 में पंच परमेश्वर योजना के तहत स्वीकृत हुई थी जिसकी राशि करीब 5 लाख 35 हजार रुपए थी और निर्माण कार्य जनवरी 2018 में किया, फिर 14/4/2018 में पंच परमेश्वर योजना के तहत स्वीकृत हुई थी जिसकी राशि करीब 6 लाख रुपए थी और सीसी सड़क का निर्माण कार्य जुलाई माह में करवाया गया दिनाँक 14/04/2022 में विधायक निधि से सीसी सड़क स्वीकृत हुई जिसकी निर्धारित राशि करीब 15 लाख रुपए थी और अब उसी स्थान पर मुक्तिधाम से खैरमाता तक पांचवीं बार सीसी सड़क निर्माण कार्य हुआ है जिसकी राशि पंचायत सचिव द्वारा लगभग चार लाख रुपए बताई गई है बिना बोर्ड और मापदंडों के विपरीत और पहले बनाई गई सीसी सड़क को दो वर्ष ही हुए है और फिर अभी सीसी सड़क के उपर तीन - चार इंच ऊंचाई कर निर्माण कार्य करवाया गया है मतलब पूरी पंचायत में एक ही जगह सीसी सड़क की अतिआवश्यक है जहां हर बार फाइल बन रही है। क्या शासन प्रशासन उक्त पंचायत में सीसी सड़क मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करा पायेंगी ऐसी जनपेक्षा है।

### बिजली कंपनी मन माफिक रीडिंग देकर उपभोक्ताओं से वसूली जा रही अधिक राशि

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बने सिरदर्द

### विद्युत मंडल की मनमानी रोकने जागरूक युवाओं ने आंदोलन की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से उपभोक्ताओं को मनमाफिक रीडिंग के बिजली बिलों में अत्यधिक राशि के दिए गए बिलों को देखकर आम उपभोक्ताओं के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। जिससे नागरिकों में विद्युत विभाग के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिल रही है जिसका समाधान नहीं किए जाने से नगर के जागरूक युवाओं द्वारा आम गरीब जनता का सहयोग करने के उद्देश्य को लेकर शुभम शर्मा आवेश बडगैया के नेतृत्व में रविवार को मां चंडी जी मंदिर प्रांगण में एक बैठक आहूत कर बिजली बिलों की समस्या से निपटने लोगों से चर्चा कर रणनीति बनाई गई जिसमें नगर के व्यापारी वर्ग सहित आम लोगों की उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित पीड़ित उपभोक्ताओं ने बताया कि उनका हर महीने बिजली का बिल 100 से 300 रुपये के बीच आता था इससे ज्यादा कभी बील नहीं आया। विगत मार्च अप्रेल माह से जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं तब से 1000 रुपये से लेकर 2500 रुपये बिजली बिल आ रहे है बार-बार अधिक बिल आने से परेशान होकर उपभोक्ताओं द्वारा इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन से लेकर तमाम अधिकारी से की इसके बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि शायद भूल बस अंतिम तारीख पर बल का भुगतान नहीं किया गया तो तुरंत ही लाइट बंद कर दी जाती है और 450 रुपए अतिरिक्त शुल्क सहित बिल भुगतान करने पर कनेक्शन चालू किया जाता है जिससे इस समस्या को लेकर आम जन ज्यादा परेशान हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि मेरे द्वारा विद्युत चोरी नहीं की जा रही हर माह बिजली का बिल जमा करते आ रहे है फिर भी भारी भरकम बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर बैठक में रणनीति बनाई गई कि आगामी मंगलवार को एसडीम के समक्ष ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराकर निजात दिलाने की मांग की जावेगी और इसके बाद भी यदि विद्युत मंडल की मनमानी से इसी प्रकार मनमाफिक रीडिंग देकर उपभोक्ताओं को बिजली बिल थमाये जाएंगे तो जन आंदोलन किया जावेगा।

## अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार की मौत

**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मगदूपुरा में एक बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक की ग्राम पंचायत मगदूपुरा के आश्रित ग्राम अचलपुरा निवासी बबलू पिता मुलायम गौड़ उम्र 35 वर्ष जो भी खेत से अपने घर जा रहा था लेकिन गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों द्वारा इसकी सूचना घायल के परिजनों को दी गई जिन्हें परिजन घायल अवस्था में बबलू गौड़ को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में युवक की मौत हो गई। जहां डॉक्टरों द्वारा चेकअप करने के बाद युवक को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार: नयागांव प्राथमिक शाला की बिल्डिंग में घटिया सामग्री का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के जबेरा जंप के नयागांव में 18 लाख रुपये की लागत से बन रही प्राथमिक शाला की बिल्डिंग में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह से की, जिन्होंने मौके पर जाकर जांच की और पाया कि लोकल मिट्टी वाली रेत का उपयोग किया जा रहा था, जबकि अच्छी रेत महानदी की रखी हुई थी। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने सर्व शिक्षा के उप यंत्री लक्ष्मण सिंह को सूचित किया, जिन्होंने पहले ही लिखित में घटिया सामग्री हटाने के लिए कहा था। बावजूद इसके, सचिव और सरपंच अपनी मनमानी पर उतारू थे। सुजान सिंह ने तुरंत लोकल रेत हटाकर अच्छी रेत लगाने के निर्देश दिए। उप यंत्री लक्ष्मण सिंह ने भी आश्वासन दिया कि वे तुरंत जाकर इसे हटवाएंगे और केवल महानदी की रेत का उपयोग सुनिश्चित करेंगे। ग्राम के जागरूक नागरिक रितेश सिंह ने भी इस भ्रष्टाचार का विरोध किया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने की मांग की। जबेरा जंप में चाहे करोड़ों की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण हो या फिर तालाब की नहरों का निर्माण हो सब में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है यह दर्शाता है कि कैसे सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जांच करनी चाहिए लेकिन अधिकारी मूकदर्शक बनकर बैठे है।